प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 08.06.2025

मुख्य समाचारः–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में देश की प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका तय की।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल के सदस्यों का दो दिवसीय चिंतन शिविर आज से आईआईएम रायपुर में शुरू।

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार अभी भी माओवादियों से बातचीत करने के लिए तैयार।

- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में कृषि वैज्ञानिकों की टीमें किसानों से संवाद कर दे रही हैं नई तकनीकों की जानकारी।

<u>प्रधानमंत्री–महिला सशक्तिकरण</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल–हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की है। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर पर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा ऋण से लाखों महिलाओं का उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान लेने के प्रावधान से महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना बढ़ी है। श्री मोदी ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया।

केन्द्र–11 साल/छत्तीसगढ़

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर भारत ने एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। नारी शक्ति की यात्रा पर महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में सशक्त बनाया जा रहा है। पिछले दशक में, महिला सशक्तिकरण के प्रति भारत के दृष्टिकोण में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है।

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की सामाजिक कार्यकर्ता और पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 11 सालों में महिला सशक्तिकरण के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं और सरकार की योजनाओं से महिलाओं को फायदा मिला है।

मुख्यमंत्री–चिंतन शिविर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों का दो दिवसीय चिंतन शिविर आज भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम रायपुर में शुरू हो गया है। शिविर का आयोजन सुशासन और अभिसरण विभाग द्वारा आईआईएम के सहयोग से किया जा रहा है।

शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंतन शिविर जैसे प्रशिक्षण सत्र शासन को नया दृ ष्टिकोण और नीतिनिर्माण प्रक्रिया को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से मंत्रियों को सुशासन और परिवर्तनकारी नेतृत्व के महत्वपूर्ण गुर सीखने का भी अवसर मिलता है।

शिविर में उद्घाटन सत्र के बाद आज 'परिवर्तनकारी नेतृत्व और दूरदर्शी शासन', संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण तथा सक्षमता से सततता तक : विकास के लिए सार्वजनिक वित्त पर पुनर्विचार जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

विजय शर्मा–माओवादी अपील

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने दोहराया है कि केंद्र और राज्य सरकार अभी भी माओवादियों से किसी भी तरह की बातचीत करने करने के लिए तैयार है। श्री शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए माओवादियों से अपील की है कि वे समाज की मुख्यधारा में आए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार माओवाद के उन्मूलन के लिए प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृहमंत्री के मार्गदर्शन में काम कर रही है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान–01

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए आसानी से उगाए जा सकने वाले फलों और फसलों की ओर ध्यान देना ज़रूरी है। आज बेंगलुरु में, उन्होंने 'विकसित कृषि संकल्प

अभियान' के एक कार्यक्रम में कहा कि ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए खाद ही पर्याप्त होती है। श्री चौहान ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट कैक्टस परिवार का है और उसकी उत्पादन लागत कम होती है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा विकसित भारत के लिए विकसित कृषि और समृद्धि किसान चाहिए और विकसित खेती के अंतर्गत ही हमको कृषि का विधि करण करके ऐसी कमलम जैसी फसलों की तरफ आना पड़ेगा उगाना भी आसान है हम किसानों को एजुकेट भी करेंगे। इससे तीन फायदे हैं एक ऑरगेनिक उत्पाद मिलेगा दूसरे इतने न्यूट्रिएंट है इसमें जो मनुष्य के स्वास्थ्य को बहुत बेहतर रखेंगे तीसरे इसमें आप 6–7 लाख रुपया भी हर साल कमा सकते हैं।

<u>विकसित कृषि संकल्प अभियान–02</u>

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन दिनों छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न स्थानों पर कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद कर रही है और उन्हें खेती–किसानी की नई तकनीकों के बारे में जानकारी दे रही है।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम कल सरगुजा के विकासखण्ड उदयपुर के ग्राम उदयपुर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कृषि में वैज्ञानिक तरीकों और उन्नत तकनीकों को अपनाएं। कार्यक्रम में किसानों को बीज वितरित किया।

इस बीच, विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीम
आज रायपुर जिले के आरंग विकासखंड के खौली और कोसरंगी गांव पहुंची। आकाशवाणी से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर लता जैन ने बताया कि टीम ने किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी दी।

<u>मुख्यमंत्री–आम महोत्सव</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आम की खेती किसानों की आय बढ़ाने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। किसान जितने ज्यादा आम के पौधे लगाएंगे, उतना ज्यादा फायदा होगा। मुख्यमंत्री कल राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय आम महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे उत्सवों से फलों और उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 'न्यूज लेटर' का भी विमोचन किया। समारोह की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की।

मौसम

आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा और गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि अगले दो–दिन तीनों के भीतर प्रदेश के तापमान में लगातार वृद्धि होने के भी आसार हैं।

संक्षिप्त समाचार

- आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 8 जून 1936 को, आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर आकाशवाणी किया गया था। यह देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था।

- महासमुंद जिले के बागबाहरा थाने में गोली चलने के मामले में पुलिस ने पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य और कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा को गिरफ्तार कर लिया है।

- दुर्ग जिले के वैशाली नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोहका भिलाई में प्रॉपर्टी डीलर से लगभग एक करोड़ तीस लाख रूपए ठगी करने के मामले में एक ट्रेडर्स कंपनी के चार संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

- कबीरधाम जिले के तरेगांव पुलिस ने पशु तस्करी के मामले में छह आरोपियों को मछरीदेवार जंगल के पास से गिरफ्तार किया है।

- हरियाणा के रोहतक में नौ से चौदह जून तक आयोजित राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के इंक्यावन खिलाड़ियों और नौ अधिकारियों का दल आज रवाना हो गया है।

<><><><><>